उत्तर प्रदेश शासन,

ग्रामीण अभियन्त्रण अनुभाग,

संख्या- 9 / 1787 / 92-2014-239आरई / 2009,

लखनऊ: दिनांक: 22 अप्रैल, 2014

कार्यालय-ज्ञाप

ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, पी0आई0यू0-1 ललितपुर के अन्तर्गत कराये गये निर्माण कार्यो में बरती गयी अनियमितताओं के कारण उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली 1999 के अन्तर्गत शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-4573 / 62-3-2009-239आरई / 2009, दिनांक 01-2-2010 द्वारा श्री शिवपूजन सिंह, तत्कालीन अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, पी0आई0यू0-1 ललितपुर के विरूद्व अनुशासनिक जांच संस्थित करते हुए प्रकरण की जांच हेतु अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल-झॉसी को जांच अधिकारी नामित किया गया था। चूँकि श्री शिव पूजन सिंह दिनांक 30 जून, 2010 को अपनी अधिवर्षिता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो चुके हैं, अतः श्री सिंह के विरूद्व संस्थित उक्त अनुशासनिक कार्यवाही को शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1111 / 92-2014-239आरई / 2009, दिनांक 21 अप्रैल, 2014 द्वारा सी0एस0आर0 के नियम-351ए के अन्तर्गत परिवर्तित किया गया है।

2- प्रकरण में जांच अधिकारी द्वारा जांच आख्या अपने पत्र दिनांक 21-2-2014 के माध्यम से शासन को उपलब्ध करायी गयी। जांच अधिकारी की जांच आख्या, श्री शिव पूजन सिंह द्वारा जांच अधिकारी को दिये गये अपने बचाव उत्तर एवं अन्य संगत अभिलेखों के परीक्षणोपरान्त श्री सिंह पर अधिरोपित आरोप सिद्व न पाये जाने के कारण शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-4573 / 62-3-2009-239आरई / 2009, दिनांक 01-2-2010 द्वारा उनके विरूद्व संस्थित अनुशासनिक कार्यवाही एतद्द्वारा समाप्त की जाती है।

श्री राज्यपाल के आदेश से,

मनोज कुमार सिंह

प्रमुख सचिव।

संख्या-9 / 1787(1) / 92-2014-तददिनांक :

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निदेशक एवं मुख्य अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।

2- मुख्य अभियन्ता (पश्चिमी क्षेत्र), ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।

http://shasanadesh.up.nic.in

3- श्री शिवपूजन सिंह, तत्कालीन अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, पी0आई0यू0-1 ललितपुर सम्प्रति सेवानिवृत्त द्वारा- निदेशक एवं मुख्य अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।

4- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

शिशिर कुमार यादव
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in